| |
|---|
| दिनांक 14.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 322/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद जौनपुर/थाना खुटहन

- **01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 13-06-2026 को थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पटैला–मखदूमपुर मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रविन्द्र को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद जौनपुर, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, भदोही व गुजराज प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 85 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुटहन पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जोन स्तर से 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खुटहन पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रविन्द्र निवासी मखदूमपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

## जनपद अमेठी/थाना जायस

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण, नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 13-06-2026 को थाना जायस व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंगाराम पुरवा मोड़ के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस

टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त इमरान घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण, नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना जायस पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना जायस पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इमरान निवासी ग्राम रानीगंज थाना जायस जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण, नगद रूपये।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद सुलतानपुर/थाना कुड़वार

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 लाख 40 हजार रूपये नगद**
- **लगभग 16 लाख 50 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 14-06-2026 को थाना कुड़वार व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर फिरोजपुर कलां तिराहा के पास से 04 अभियुक्तों 1–जावेद अहमद 2–अजीम 3–मो0आदिल 4–अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 लाख 40 हजार रूपये नगद, लगभग 16 लाख 50 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त जावेद अहमद के विरूद्ध जनपद सुलतानपुर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 34 अभियोग, अभियुक्त अजीम के विरूद्ध जनपद सुलतानपुर, प्रतापगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 23 अभियोग, अभियुक्त मो0 आदिल के विरूद्ध जनपद सुलतानपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 27 अभियोग एवं अभियुक्त अजय कुमार के विरूद्ध जनपद प्रतापगढ़, सुलतानपुर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कुड़वार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जावेद अहमद निवासी घरहा कला, राहुल चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।

2–अजीम निवासी लाला का पुरवा नार्मल चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।

3–मो0आदिल निवासी ढिहवा, राहुल चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।

4–अजय कुमार निवासी ढिहवा, राहुल चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 02 लाख 40 हजार रूपये नगद।

2–लगभग 16 लाख 50 हजार रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि।

**जनपद सोनभद्र/थाना चोपन/थाना बीजपुर**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 13/14-06-2026 को थाना चोपन व थाना बीजपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अलग–अलग स्थानो से 02 अभियुक्तों 1–राजेश 2–रामदिहल को

गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चोपन व थाना बीजपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजेश निवासी गड़इडीह कस्बा व थाना चोपन जनपद सोनभद्र।

2–रामदिहल निवासी ग्राम नेमना थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1–चोरी की 08 मोटर साइकिल।

———————